Gram : UNIVERSITY
FAX: 0512-2570006
Web: www.kanpuruniversity.org

| | OFF. | RESI. |
|---|---|---|
| V.C. : | 2570450 | 2570263 |
| REGI.: | 2570301 | 2570882 |

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर
KALYANPUR, KANPUR

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि. / C.O.E. / 866 / 2016

दिनांक : 20/05/ 2016

## प्रेस-विज्ञप्ति

दिनांक 07.01.2016 को आहूत परीक्षा समिति की बैठक के समक्ष यह तथ्य संज्ञान में लाया गया कि विश्वविद्यालय की वार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षाओं में उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या अत्याधिक होने के कारण उत्तर पुस्तिकाओं के गुणवत्तापरक मूल्यांकन सम्बन्धी प्रत्यावेदन, परीक्षाफल निर्माण त्रुटिपूर्ण होने तथा उत्तर पुस्तिकाओं की स्क्रूटनी हेतु बहुतायत में छात्रों के आवेदन प्राप्त होते है। विश्वविद्यालय में केन्द्रीयकृत रूप से कोडेड उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराये जाने की व्यवस्था वर्तमान में प्रचलित है। मूल्यांकन की सतत् गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने हेतु मूल्यांकनकर्ताओं में मूल्यांकन कार्य के प्रति संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व बढ़ाया जाना नितांत आवश्यक है। उक्त के अतिरिक्त छात्रों द्वारा समय-समय पर मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं आर.टी.आई. के अन्तर्गत भी उपलब्ध कराये जाने हेतु आवेदन प्राप्त होते है। छात्रों को आर.टी.आई./स्क्रूटनी के अन्तर्गत उपलब्ध करायी गयी उत्तर पुस्तिकाओं में अनेकों ऐसे प्रकरण प्रकाश में आये है जिनमें छात्रों ने मूल्यांकनकर्ता/शिक्षकों द्वारा दिये गये अंकों पर असंतोष व्यक्त किया है तथा मूल्यांकनकर्ता से इतर विषय विशेषज्ञों का अभिमत प्राप्त करने पर यह पाया गया कि कतिपय मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा न्यायसंगत मूल्यांकन नहीं किया गया है। विश्वविद्यालय में उत्तर पुस्तिकाओं के पूनर्मूल्यांकन की व्यवस्था न होने तथा समुचित मूल्यांकन न होने के कारण अनेकों प्रकरणों में परीक्षार्थियों/छात्रों का अहित हो जाता है।

उक्त प्रकरण पर परीक्षा समिति ने अपनी बैठक दिनिांक 07.01.2016 के मद सं0-7 (अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से) में सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि छात्रहित में उत्तर पुस्तिका के अवलोकन के उपरान्त मूल्यांकन से असन्तुष्ट छात्रों को चैलेंज इवैलुवेशन (मूल्यांकन को चुनौती) का अवसर प्रदान किये जाने की व्यवस्था निम्नानुसार प्रस्तावित की गयी :-

i. छात्र वर्तमान में प्रचलित व्यवस्था के माध्यम से मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका की स्कैन्ड कॉपी प्राप्त करेगा।
ii. उत्तर पुस्तिका के अवलोकन से असन्तुष्ट छात्र उत्तर पुस्तिका प्राप्ति की तिथि से 15 दिन तक रू0 3,000/- प्रति प्रश्नपत्र की दर से देय शुल्क का भुगतान कर चैलेंज इवैलुवेशन के लिए आवेदन कर सकेगा।
iii. सम्बन्धित उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन मूल मूल्यांकनकर्ता से इतर माननीय कुलपति जी द्वारा नामित दो चैलेंज मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा अलग-अलग कराया जाएगा तथा दोनों मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा दिये गये अंकों का औसत लिया जाएगा।
iv. यदि मूल मूल्यांकनकर्ता द्वारा प्रदान किए गए अंकों तथा दोनों चैलेंज मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा दिये गए अंकों के औसत का अन्तर प्रश्नपत्र के अधिकतम प्राप्तांकों के 15% तक पाया जाएगा तो मूल मूल्यांकनकर्ता द्वारा प्रदान किए गए अंकों में परिवर्तन नहीं किया जायेगा तथा छात्र द्वारा जमा शुल्क जब्त कर लिया जाएगा।
v. यदि मूल मूल्यांकनकर्ता द्वारा प्रदान किए गए अंकों तथा दोनों चैलेंज मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा दिए गए अंकों के औसत का अन्तर प्रश्नपत्र के अधिकतम प्राप्तांकों के 15% से अधिक एवं 25% तक पाया जाएगा तो मूल मूल्यांकनकर्ता द्वारा प्रदान किए गए अंकों को दोनों चैलेंज मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा दिए गए अंकों से बदल दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में छात्र द्वारा जमा शुल्क से रू0 500/- की कटौती कर शेष राशि उसे वापस कर दी जाएगी तथा मूल्यांकनकर्ता के खिलाफ विश्वविद्यालय द्वारा चेतावनी दी जा सकती है।
vi. यदि मूल मूल्यांकनकर्ता द्वारा प्रदान किए गए अंकों तथा दोनों चैलेंज मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा दिए गए अंकों के औसत का अन्तर प्रश्नपत्र के अधिकतम प्राप्तांकों के 25% से अधिक पाया जाएगा तो ऐसी उत्तर पुस्तिका को माननीय कुलपति जी द्वारा नामित तृतीय चैलेंज मूल्यांकनकर्ता से मूल्यांकित कराया जाएगा।

Gram : UNIVERSITY
FAX: 0512-2570006
Web: www.kanpuruniversity.org

| | OFF. | RESI. |
|---|---|---|
| V.C. : | 2570450 | 2570263 |
| REGI.: | 2570301 | 2570882 |

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
## CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर
KALYANPUR, KANPUR

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि. / C.O.E./ 866 / 2016 दिनांक : 20/05/ 2016

मूल मूल्यांकन द्वारा प्रदान किए गए अंकों को तीनों चैलेंज मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा दिए गए अंकों के औसत से बदल दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में छात्र द्वारा जमा शुल्क से रू0 500/– की कटौती कर शेष राशि उसे वापस कर दी जाएगी तथा मूल मूल्यांकनकर्ता के खिलाफ विश्वविद्यालय द्वारा कठोर कार्यवाही की जा सकती है।

vii. चैलेंज प्रक्रिया में यदि उपरोक्त बिन्दु 5 एवं 6 में वर्णित परिवर्तन आता है, तो छात्र के परीक्षाफल में संशोधन करते हुए सम्पूर्ण परीक्षाफल घोषित कर दिया जाएगा।

उक्त तथ्यों के आलोक में प्रकरण पर सम्यक विचारोपरान्त परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की।

अभ्यर्थियों को उत्तर पुस्तिका के अवलोकन के पश्चात चैलेन्ज इवैलुवेशन हेतु शुल्क जमा कराये जाने की प्रक्रिया का विस्तृत विवरण विज्ञप्ति के साथ संलग्न संलग्नक में वर्णित है।

परीक्षा समिति के उक्त विनिश्चय के अनुपालन में मुझे विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यो से यह कहने का निदेश हुआ है कि परीक्षा समिति के उक्त निर्णय को अपने महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करते हुए अपने स्तर से महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं को अवगत कराने का कष्ट करें।

***संलग्नक :*** यथोक्त।

(राजबहादुर यादव)
परीक्षा नियंत्रक

*प्रतिलिपि*– सम्पादक/संवाददाता, दैनिक जागरण/अमर उजाला/हिन्दुस्तान/दैनिक आज/आई.नेक्स्ट/अमर उजाला कॉम्पैक्ट को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को अपने सम्मानित दैनिक के समस्त संस्करणों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

(राजबहादुर यादव)
परीक्षा नियंत्रक

***प्रतिलिपिः* निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र।
2. समस्त अधिकारीगण/प्रभारी, कूट प्रकोष्ठ।
3. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट तथा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सम्बन्धित समस्त महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. निजी सचिव कुलपति, मा० कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
5. वैय० सहायक, वित्त अधिकारी।
6. वैय० सहायक, कुलसचिव।
7. वैय० सहायक, परीक्षा नियंत्रक।
8. सम्बन्धित पत्रावली।

(राजबहादुर यादव)
परीक्षा नियंत्रक

सन्दर्भ सं0 : सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/ 866/2016 दिनांक :20 /05/2016 का संलग्नक

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

## चैलेंज इवैलुएशन हेतु निर्धारित शुल्क जमा कराये जाने की प्रस्तावित प्रक्रिया

विश्वविद्यालय द्वारा वर्तमान में मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकायें आर.टी.आई./परीनिरीक्षण के अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था उपलब्ध है । इसी के क्रम में अभ्यर्थियों को उत्तर पुस्तिका के अवलोकन के उपरान्त चैलेंज इवैलुएशन हेतु शुल्क जमा करने की प्रस्तावित प्रक्रिया का विस्तृत विवरण निम्नवत् है -

1. विश्वविद्यालय की वेबसाइट के होम पेज पर बने लिंक "On-Line Application for Inspection of Answer Book" के अन्तर्गत बने लिंक "Online Application of Challenge Evaluation for Answer Book Viewed" को क्लिक करने पर आने वाली स्क्रीन पर अभ्यर्थी को उत्तरपुस्तिका अवलोकन हेतु प्राप्त Registration No., Transaction No. तथा प्राप्त उत्तरपुस्तिका में अंकित Barcode पूरित करना होगा ।
2. उक्त सूचना सब्मिट करने के उपरान्त अगली स्क्रीन पर अभ्यर्थी द्वारा पूर्व में आवेदित उत्तरपुस्तिका अवलोकन का विवरण दर्शित होगा, इसके साथ ही चैलेंज इवैलुएशन हेतु निर्धारित नियम/शर्ते प्रदर्शित होगी । इसके उपरान्त चैलेंज इवैलुएशन विकल्प का चयन करने हेतु Tick Box प्रदर्शित होगा । उक्त Tick Box में Tick ( √ ) Mark करने पर चैलेंज इवैलुएशन हेतु निर्धारित शुल्क (रू. 3,000/-) जमा करने के विकल्प (E-Challan Mode, Debit/Credit Mode तथा Net Banking Mode) दर्शित होगें ।
3. E-Challan Mode का चयन करने पर एक नया Page प्रदर्शित होगा जिसमें अभ्यर्थी द्वारा दिया गया विवरण तथा Generate Challan का बटन होगा । Generate Challan को Click करके अभ्यर्थी को E-Challan का Printout निकालना होगा तथा निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर करके AXIS BANK की निकटतम शाखा में E-Challan में मुद्रित धनराशि को E-Challan में अंकित अवधि में नगद जमा करना होगा । बैक द्वारा E-Challan की छात्र प्रति (Student Copy) पर Transaction ID दी जायेगी ।

4. Debit/Credit Card Mode का चयन करने पर अभ्यर्थी को Payment Gateway की Website पर अपने Debit/Credit Card के विवरण (कार्ड धारक का नाम, कार्ड की वैधता तिथि एवं सी.वी.वी. नम्बर) की प्रविष्ट करनी होगी । पूरित विवरण का सत्यापन होने पर अभ्यर्थी Debit/Credit Card से भुगतान किये जाने की स्वीकृति देगा । भुगतान प्राप्त की स्वीकृति होने पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर "Successful Transaction" का संदेश तथा "Click Here to Print Application" का लिंक प्रदर्शित होगा साथ ही अभ्यर्थी को Transaction ID भी प्राप्त होगी ।

5. Net Banking Mode का चयन करके अभ्यर्थी Axis Bank की Website पर अपने Axis Bank में संचालित खाते का User Name एवं Password का प्रयोग करेगा । User Name एवं Password का सत्यापन होने पर अभ्यर्थी बैंक के निर्देशों का पालन करते हुऐ अपने खाते से भुगतान किये जाने की स्वीकृति देगा । भुगतान प्राप्त की स्वीकृति होने पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर "Successful Transaction" का संदेश आयेगा तथा "Click Here to Print Application" का लिंक प्रदर्शित होगा साथ ही अभ्यर्थी को Transaction ID भी प्राप्त होगी ।

V.C. Sir
D.F.A. [illegible]
20/5/16
2015

(राजबहादुर यादव)
परीक्षा नियंत्रक